"पंडित जी, जिस घटना पर आप इतना आश्चर्य कर रहे हैं, वह केवल हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के माध्यम से अल्लाह का एक चमत्कार था। हमने यह दावा कभी नहीं किया कि किसी मनुष्य के लिए चाँद के दो टुकड़े करना संभव था। यदि आप ईश्वर को सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञ मानते हैं तो ईश्वर अपनी रचित सृष्टि का हमसे कहीं अधिक ज्ञान रखते हैं। अल्लाह के लिए यह कोई बड़ी बात नहीं कि चाँद के दो टुकड़े करदे और दुनिया में उथल पुथल भी न हो। यह चमत्कार मक्का के मूर्ति पूजकों के आग्रह पर दिखाया गया। उन्हों ने हजरत मुहम्मद (सल्ल.) से अनुरोध किया कि यदि वह अल्लाह के सच्चे ईशदूत हैं तो चाँद के दो टुकड़े करें, और यदि वह ऐसा करदें तो सारे मूर्तिपूजक उनके सच्चे ईशदूत होने पर विशवास करें गे। लेकिन यह चमत्कार देखने के बाद भी उन्हों ने विशवास नहीं किया.

आप पूछते हैं कि चाँद को फिर जोड़ा किसने? जिसने तोडा उसी सर्वशक्तिमान अल्लाह ने जोड़ भी दिया।

हनुमान जी के बारे में उत्तर पढ़ने से पहले यह समझ लीजियह कि वर्तमान रामयाण की ऐतिहासिकता की पुष्टि कुरआन नहीं करता। हमारी यह मान्यता है कि एक अल्लाह के ईशदूत (पैगम्बर) के बगैर कोई ऐसे विशाल चमत्कार नहीं दिखा सकता। हनुमान जी के जिस चमत्कार के बारे में आप पूछ रहे हैं वह जिस सन्दर्भ में हमें मिलता है, उसमें उस का विशवास नहीं किया जा सकता। हनुमान जी ने सूर्य को फल समझ के निगल दिया था। अब हम ऐसे चमत्कारों में विश्वास नहीं रखते जो व्यर्थ हों या जिन से

कोई लाभ नहीं। चाँद के दो टुकड़े करने में और हनुमान जी का सूर्य को फल समझ के निगलने में कोई तुलना ही नहीं।"

मेरा सवाल था हजरत मोहम्मद साहब की ऊँगली के इशारे से चाँद का टुकड़ा होना! क्या ईश्वराधीन चाँद को कोई टुकड़ा करे तो दुनिया में उथल पुथल नहीं मचेगी?क्या कुछ लोगों के कहने मात्र से अल्लाह अपने निज़ाम को बदल सकता है? फिर टूटे चाँद को जोड़ा किसने?क्या हनुमान के सूरज को निगल जाना आप सत्य मानते हैं? हाँ तो कैसे? नहीं तो क्यों? फिर चाँद का टुकड़ा होना कैसे संभव हुवा?

اِقْتَرَبَتِ السَّاعَةُ وَانْشَقَّ الْقَمَرُ ۝ وَاِنْ يَّرَوْا اٰيَةً يُّعْرِضُوْا وَيَقُوْلُوْا سِحْرٌ مُّسْتَمِرٌّ
۝۲ وَكَذَّبُوْا وَاتَّبَعُوْٓا اَهْوَآءَهُمْ وَكُلُّ اَمْرٍ مُّسْتَقِرٌّ ۝۳ وَلَقَدْ جَآءَهُمْ مِّنَ الْاَنْۢبَآءِ
مَا فِيْهِ مُزْدَجَرٌ ۝۴ حِكْمَةٌۢ بَالِغَةٌ فَمَا تُغْنِ النُّذُرُ ۝۵ فَتَوَلَّ عَنْهُمْ يَوْمَ يَدْعُ
الدَّاعِ اِلٰى شَيْءٍ نُّكُرٍ ۝۶ خُشَّعًا اَبْصَارُهُمْ يَخْرُجُوْنَ مِنَ الْاَجْدَاثِ كَاَنَّهُمْ جَرَادٌ
مُّنْتَشِرٌ ۝۷ مُّهْطِعِيْنَ اِلَى الدَّاعِ يَقُوْلُ الْكٰفِرُوْنَ هٰذَا يَوْمٌ عَسِرٌ ۝۸ كَذَّبَتْ
قَبْلَهُمْ قَوْمُ نُوْحٍ فَكَذَّبُوْا عَبْدَنَا وَقَالُوْا مَجْنُوْنٌ وَّازْدُجِرَ ۝۹ فَدَعَا رَبَّهٗٓ اَنِّيْ
مَغْلُوْبٌ فَانْتَصِرْ ۝۱۰ فَفَتَحْنَآ اَبْوَابَ السَّمَآءِ بِمَآءٍ مُّنْهَمِرٍ ۝۱۱ وَّفَجَّرْنَا الْاَرْضَ
عُيُوْنًا فَالْتَقَى الْمَآءُ عَلٰٓى اَمْرٍ قَدْ قُدِرَ ۝۱۲ وَحَمَلْنٰهُ عَلٰى ذَاتِ اَلْوَاحٍ وَّدُسُرٍ ۝۱۳ تَجْرِيْ
بِاَعْيُنِنَا جَزَآءً لِّمَنْ كَانَ كُفِرَ ۝۱۴ وَلَقَدْ تَّرَكْنٰهَآ اٰيَةً فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ۝۱۵ فَكَيْفَ
كَانَ عَذَابِيْ وَنُذُرِ ۝۱۶ وَلَقَدْ يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ۝۱۷ كَذَّبَتْ عَادٌ
فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِيْ وَنُذُرِ ۝۱۸ اِنَّآ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ رِيْحًا صَرْصَرًا فِيْ يَوْمِ نَحْسٍ
مُّسْتَمِرٍّ ۝۱۹ تَنْزِعُ النَّاسَ كَاَنَّهُمْ اَعْجَازُ نَخْلٍ مُّنْقَعِرٍ ۝۲۰ فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِيْ وَنُذُرِ
۝۲۱ وَلَقَدْ يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ۝۲۲ كَذَّبَتْ ثَمُوْدُ بِالنُّذُرِ ۝۲۳ فَقَالُوْٓا

اَبَشَرًا مِّنَّا وَاحِدًا نَّتَّبِعُهٗۤ ۙ اِنَّاۤ اِذًا لَّفِيْ ضَلٰلٍ وَّسُعُرٍ ﴿۲۴﴾ ءَاُلْقِيَ الذِّكْرُ عَلَيْهِ مِنْۢ بَيْنِنَا بَلْ هُوَ كَذَّابٌ اَشِرٌ ﴿۲۵﴾ سَيَعْلَمُوْنَ غَدًا مَّنِ الْكَذَّابُ الْاَشِرُ ﴿۲۶﴾ اِنَّا مُرْسِلُوا النَّاقَةِ فِتْنَةً لَّهُمْ فَارْتَقِبْهُمْ وَاصْطَبِرْ ﴿۲۷﴾ وَنَبِّئْهُمْ اَنَّ الْمَآءَ قِسْمَةٌۢ بَيْنَهُمْ ۚ كُلُّ شِرْبٍ مُّحْتَضَرٌ ﴿۲۸﴾ فَنَادَوْا صَاحِبَهُمْ فَتَعَاطٰى فَعَقَرَ ﴿۲۹﴾

قیامت نزدیک آپہنچی اور چاند شق ہو گیا۔(۱) اور یہ لوگ اگر کوئی معجزہ دیکھتے ہیں تو ٹال دیتے ہیں اور کہتے ہیں کہ یہ جادو ہے جو ابھی ختم ہوا جاتا ہے۔(۲) ان لوگوں نے جھٹلایا اور اپنی نفسانی خواہشوں کی پیروی کی اور ہر بات کو قرار آجاتا ہے۔(۳) اور ان لوگوں کے پاس (تو امم ماضیہ کی بھی) خبریں اتنی پہنچ چکی ہیں کہ ان میں (کافی) عبرت ہو۔(۴) یعنی اعلیٰ درجہ کی دانشمندی (حاصل ہو سکتی) ہے سو خوف دلانے والی چیزیں انکو کچھ فائدہ ہی نہیں دیتیں۔(۵) تو آپ انکی طرف سے کچھ خیال نہ کیجئے جس دن ایک بلانے والا فرشتہ ایک ناگوار چیز کی طرف بلاوے گا۔(۶) ان کی آنکھیں (مارے ذلت کے) جھکی ہوئی ہونگی (اور) قبروں سے اس طرح نکل رہے ہونگے جیسے ٹڈی پھیل جاتی ہے۔(۷) (اور پھر نکل کر) بلانے والے کی طرف دوڑے چلے جارہے ہوں گے کافر کہتے ہونگے کہ یہ دن بڑا سخت ہے۔(۸) ان لوگوں سے پہلے قوم نوحؑ نے تکذیب کی یعنی ہمارے بندے (خاص نوحؑ) کی تکذیب کی اور کہا کہ یہ مجنون ہے اور نوحؑ کو دھمکی دی گئی۔(۹) تو نوحؑ نے اپنے رب سے دعا کی کہ میں درماندہ ہوں سو آپ (ان سے) انتقام لے لیجئے۔(۱۰) پس ہم نے کثرت سے برسنے والے پانی سے آسمان کے دروازے کھول دئے۔(۱۱) اور زمین سے چشمے جاری کر دئے۔ پھر (آسمان اور زمین کا) پانی اس کام کے (پورا ہونے کے) لئے مل گیا جو (علم الٰہی میں) تجویز ہو چکا تھا۔(۱۲) اور ہم نے نوحؑ کو تختوں اور میخوں والی کشتی پر جو کہ ہماری نگرانی میں رواں تھی (مع مومنین کے) سوار کیا۔(۱۳) یہ سب کچھ اُس شخص کا بدلہ لینے کے لئے کیا جس کی بیقدری کی گئی تھی۔(۱۴) اور ہم نے اس واقعہ کو عبرت کے واسطے رہنے دیا کیا کوئی نصیحت حاصل کرنے والا ہے۔(۱۵) پھر (دیکھو) کہ میرا عذاب اور میرا ڈرانا کیسا ہوا۔(۱۶) اور ہم نے قرآن کو نصیحت حاصل کرنے کے لیے آسان کر دیا ہے سو کیا کوئی نصیحت حاصل کرنے والا ہے۔(۱۷) عاد نے (بھی اپنے پیغمبر کی) تکذیب کی (سو اس کا قصہ سنو کہ) میرا عذاب اور ڈرانا کیسا ہوا۔(۱۸) ہم نے ان پر ایک تند ہوا بھیجی ایک دوامی نحوست کے دن میں۔(۱۹) وہ ہوا لوگوں کو اس طرح اکھاڑ اکھاڑ کر پھینکتی تھی کہ گویا وہ اکھڑی ہوئی کھجوروں کے تنے ہیں۔(۲۰) سو (دیکھو) میرا عذاب اور ڈرانا کیسا (ہولناک) ہوا۔(۲۱) اور ہم نے قرآن کو نصیحت حاصل کرنے کیلئے آسان کر دیا ہے سو کیا کوئی نصیحت حاصل کرنے والا ہے۔(۲۲) ثمود نے (بھی) پیغمبروں کی تکذیب کی۔(۲۳) اور کہنے لگے کیا ہم ایسے شخص کا اتباع کرینگے جو ہماری جنس

کاآدمی ہےاوراکیلا ہے تواس صورت میں ہم بڑی غلطی اور (بلکہ) جنون میں پڑ جاویں۔(۲۴) کیاہم سب میں سے اسی پر وحی نازل ہوئی ہے (ہرگز ایسا نہیں) بلکہ یہ بڑا جھوٹا اور بڑا شیخی باز ہے۔(۲۵) ان کو عنقریب (مرتے ہی) معلوم ہو جائے گا کہ جھوٹا شیخی باز کون تھا۔(۲۶) ہم اونٹنی کو نکالنے والے ہیں ان کی آزمائش کے لئے سو ان کو دیکھتے بھالتے رہنا اور صبر سے بیٹھے رہنا۔(۲۷) اوران لوگوں کو یہ بتلادینا کہ پانی (کنویں کا) ان میں بانٹ دیا گیا ہے ہر ایک باری پر باری والا حاضر ہوا کرے گا۔(۲۸) سوانہوں نے اپنے رفیق (قدار) کو بلایا سو اس نے (اونٹنی پر) وار کیا اور مار ڈالا۔(۲۹)

حدثنا عبد الله بن محمد حدثنا يونس حدثنا شيبان عن قتادة عن أنس بن مالك ح و قال لي خليفة حدثنا يزيد بن زريع حدثنا سعيد عن قتادة عن أنس بن مالك رضي الله عنه أنه حدثهم أن أهل مكة سألوا رسول الله صلى الله عليه وسلم أن يريهم آية فأراهم انشقاق القمر

عبداللہ بن محمد یونس شیبان قتادہ حضرت انس بن مالک رضی اللہ عنہ سے روایت کرتے ہیں کہ مکہ کے کافروں نے رسالت مآب صلی اللہ علیہ وسلم سے کہا (اگر تم نبی ہو تو) کوئی معجزہ دکھاؤ تو آنحضرت صلی اللہ علیہ وسلم نے ان کو چاند کے دو ٹکڑے کرکے دکھلائے۔

صحیح بخاری: جلد دوم: حدیث نمبر 855

حدثني زهير بن حرب وعبد بن حميد قالا حدثنا يونس بن محمد حدثنا شيبان حدثنا قتادة عن أنس أن أهل مكة سألوا رسول الله صلى الله عليه وسلم أن يريهم آية فأراهم انشقاق القمر مرتين

زہیر بن حرب، عبد بن حمید یونس بن محمد شیبان قتادہ رضی اللہ تعالی عنہ، حضرت انس رضی اللہ تعالی عنہ سے روایت ہے کہ اہل مکہ نے رسول اللہ سے سوال کیا کہ آپ صلی اللہ علیہ وسلم انہیں کوئی نشانی دکھائیں تو آپ صلی اللہ علیہ وسلم نے انہیں دو مرتبہ چاند کا پھٹنا دکھایا۔

صحیح مسلم: جلد سوم: حدیث نمبر 2576

मियां जी! अब इसका जवाब सुनलें मानव अकलमंद होने हेतु हर काम को करने से पहले दिमाग लगाता है।यह इंसानी फितरत है और परमात्मा ने मनुष्य को दिमाग दिया भी उससे कामलेने केलिए।अगर

हम उससे काम ना लें तो परमात्मा की क्या गलती? लेकिन हमारा नाम मानव इसलिए पड़ा कि हम विचार वाले हैं,बुद्धि से काम लेने वाले हैं।किन्तु मनुष्य में जब इस्लाम या ईसाइयत अन्दर होती है तो बुद्धि बाहर हो जाती है।इस्लाम की मान्यता भी यही है,बिना छानबीन किये मान लेने का नाम ईमान है। नीचे देख लो कि तुम्हारा ईमान क्या है और चाँद के टुकड़ा होना आप उसी ईमान के दायरे में ही मान रहे है

سوال۔ مسلمانوں کو کتنی چیزوں پر ایمان لانا ضروری ہے؟
جواب سات چیزوں پر جن کا ذکر اس ایمان مفصل میں ہے۔
اٰمَنْتُ بِاللّٰهِ وَمَلٰٓئِكَتِهٖ وَكُتُبِهٖ وَرُسُلِهٖ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَالْقَدْرِ خَيْرِهٖ
وَشَرِّهٖ مِنَ اللّٰهِ تَعَالٰى وَالْبَعْثِ بَعْدَ الْمَوْتِ۔
اس کے معنی یہ ہیں کہ ایمان لایا میں اللہ تعالیٰ پر اور اسکے فرشتوں پر اور اس کی کتابوں پر
اور اس کے رسولوں پیغمبروں پر اور قیامت کے دن پر اور اس بات پر کہ دنیا میں
جو کچھ اچھا یا برا ہوتا ہے سب تقدیر سے ہوتا ہے اور اس بات پر کہ مرنے کے بعد پھر
زندہ ہونا ہے۔

यह है तालीमुल्इस्लाम की शिक्षा! यही कारण है कि अपनेझूठ को सत्य मानने में मजबूर हैं।ईश्वराधीन चाँद को कोई टुकड़ा करे, यहदुनिया का कोई भी पढ़ा लिखा आदमी नहीं मानेगा।पर मज़हबी लोगों को मानना ही पड़ेगा। कारण इसीका नाम ईमान है,अगर नहीं माना तो फ़ौरन ईमान से खारिज। यही कारण है कि यह आप नहीं मान रहे हैं आपका ईमान् मनवा रही है! यही तो आपने बोला, नाकि यह काम सिर्फ अल्लाह के हबीब, रसूले खुदा हजरत मोहम्मद ही कर सकते हैं इस काम को और कोई नहीं।बस इसी का ही नाम मज़हब है, अंध-विश्वास है,आपने यह भी माना,**मक्का के मूर्ति पूजकों के आग्रह पर दिखाया गया**। अब यह बात कोई समझदार पढ़े लिखों का मानना संभव है

क्या?अल्लाह पूरी दुनिया को लेकर नहीं है बात साफ हो गई कि सिर्फ अरब वालों को लेकर अल्लाह है! यही पक्षपात है यह **अल्लाह** के लिए हो सकता है किन्तु **परमात्मा** के लिये कदापि नहीं। दूसरी बात होगी कि मक्का के मूर्ति पूजकों के कहने से अगर हजरत मोहम्मद ने यह कर दिखाया,तो इच्छा पूर्ण किसकी हुई मूर्ति पुजकोंकी।फिर रसूल कि मर्यादा कहाँ है? फिरतो मूर्ति पूजकों की ईच्छा पूर्ति हो रही है।यही काम अकल पर पर्दा डालने वाला है। चाँद अरब वालों का नहीं है अपितु समग्र दुनिया वालों का है।यह बात लिखने में आप को लज्जा नहीं आई,या संकोच भी नहीं हुवा,कि अल्लाह सर्वशक्तिमान है, इस कारण वह जो चाहे सो करे या करदे! यह कदापि सर्व शक्तिमान की पहचान नहींहै और न इस्लाम जानता है कि सर्वशक्तिमान किसे कहा जाता है? **सर्वशक्तिमान** का मतलब है अपने काम को अंजाम देने में जिसको किसी का **सहयोग**,सहारा या मददकी आवश्यकता ना हो।और आप ने यहां पर **भी इस्लाम को कैसे** फंसा दिया। देखिए! "यह चमत्कार मक्का के मूर्ति पूजकों के आग्रह पर दिखाया गया। उन्हों ने हजरत मुहम्मद (सल्ल) से अनुरोध किया कि यदि वह अल्लाह के सच्चे ईशदूत हैं तो चाँद के दो टुकड़े करें, और यदि वह ऐसा करदें तो सारे मूर्तिपूजक उनके सच्चे ईशदूत होने पर विशवास करें गे। **लेकिन यह चमत्कार देखने के बाद भी उन्हों ने विशवास नहीं किया."** जिस अल्लाह को आप सर्वशक्तिमान व सर्वज्ञ कह रहे हैं, क्या वह यह भी नहीं जानता था कि अवैज्ञानिक चमत्कार जो मैं दिखाने जा रहा हूं... उस को मूर्ति-पूजक नहीं मानेंगे!!! यहां पर भी आपने **आलिमुलग़ैब** को भी न-जानने वाला बना दिया...कुरान में भी लिखा है सूरा: राद ९, मोमिनून ९२, सिजदा ६, सबा ३, फातिर ३८, जुमर ४६, हशर २२, जुमा ८, तग़ाउन १८, जिन्न २६ आदि आयाते करीमा से पता लगा... अल्लाह अदृश्य के बातों

को जानता है, किन्तु आप के लिखित प्रमाणों ने कुरान की इन आयतों को भी सवालों के घेरे में डाल दिया।

عٰلِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ الْكَبِيْرُ الْمُتَعَالِ ⑨

आप अपने को कितने अकलमन्द मानते है!दिखें! हनुमान ने फल समझा सूरज को तो वहगलतहै और जो मोहम्मद साहब ने थाली समझ कर चाँद को तोड़ा था क्या!!!?**अकलबड़ीया भेंस**वाली बात है।अब जवाबदे रहा हूँलिखा, किन्तु पूछ रहे हैं सवाल! उसनेलिखा...

"पंडित जी, आप लोगों को समझाने का कष्ट करें गे कि सृष्टि के आरम्भ में मनुष्य जवान जवान कैसे पैदा हुए थे जैसा कि आपके गुरु स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश, समुल्लास ८ में लिखा है? इस बात को आप किस विज्ञान के आधार पर सिद्ध करें गे?"

पाठको! पहले स्वामी दयानन्दजी द्वारा दिये गए प्रकरण को पढ़ लीजिए, ताकि आप सत्य को पूर्ण-रूपेण जान सकें...

" (प्रश्न) मनुष्य की सृष्टि प्रथम हुई या पृथिवी आदि की?

(उत्तर) पृथिवी आदि की।क्योंकि पृथिव्यादि एक विना मनुष्य की स्थितिऔर पालन नहीं हो सकता।

(प्रश्न) सृष्टि की आदि में एक वा अनेक मनुष्य उत्पन्न किये थे वाक्या?

(उत्तर) अनेक।क्योंकि जिन जीवों एक कर्म ऐश्वरी सृष्टि में उत्पन्न होनेएक थे उन का जन्म सृष्टि की आदि में ईश्वर देता है।क्योंकि 'मनुष्या ऋषयश्चये।ततो मनुष्या अजायन्त' यह यजुर्वेद में लिखा है।इस प्रमाण से यही निश्चयहै कि आदि में अनेक अर्थात् सैकड़ों, सहस्रों मनुष्य उत्पन्न हुए । और सृष्टि मेंदेखने से भी निश्चित होता है कि मनुष्य अनेक मां-बाप एक सन्तान हैं।

(प्रश्न) आदि सृष्टि में मनुष्य आदि की बाल्य, युवा वा वृणवस्था मेंसृष्टि हुई थी अथवा तीनों में?

(उत्तर) युवावस्था में।क्योंकि जो बालक उत्पन्न करता तो उनएक पालनएक लिए दूसरे मनुष्य आवश्यक होते और वृणवस्था में बनाता तो मैथुनी सृष्टिन होती।इसलिये युवावस्था में सृष्टि की है।

(प्रश्न) कभी सृष्टि का प्रारम्भ है वा नहीं?

(उत्तर) नहीं।जैसे दिन एक पूर्व रात और रात एक पूर्व दिन तथा दिनएक पीछे रात और रात एक पीछे दिन बराबर चला आता है, इसी प्रकार सृष्टि एकपूर्व प्रलय और प्रलय एक पूर्व सृष्टि तथा सृष्टि एक पीछे प्रलय और प्रलय एक आगेसृष्टि; अनादि काल से चक्र चला आता है।इस का आदि वा अन्त नहीं किन्तुजैसे दिन वा रात का आरम्भ और अन्त देखने में आता है उसी प्रकार सृष्टि औरप्रलय का आदि अन्त होता रहता है।क्योंकि जैसे परमात्मा, जीव, जगत् का कारणतीन स्वरूप से अनादि हैं वैसे जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय प्रवाह से अनादिहैं।जैसे नदी का प्रवाह वैसा ही दीखता है, कभी सूख जाता, कभी कभी नहींदीखता फिर बरसात में दीखता और उष्णकाल में नहीं दीखता।ऐसे व्यवहारों को**प्रवाहरूप** जानना चाहिए।जैसे परमेश्वर एक गुण, कर्म, स्वभाव अनादि हैं वैसे ही उसएक जगत् की उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय करना भी अनादि हैं।जैसे कभी ईश्वरएक गुण, कर्म, स्वभाव का आरम्भ और अन्त नहीं इसी प्रकार उस एक कर्तव्य कर्मों का भी आरम्भ और अन्त नहीं।

(प्रश्न) ईश्वर ने किन्हीं जीवों को मनुष्य जन्म; किन्हीं को सिंहादि क्रूर जन्म; किन्हीं को हरिण, गाय आदि पशु किन्हीं को वृक्षादि, कृमि, कीट, पतंगादिजन्म दिये हैं।इस से परमात्मा में पक्षपात आता है।

(उत्तर) पक्षपात नहीं आता।क्योंकि उन जीवों एक पूर्व सृष्टि में किये हुए कर्मानुसार व्यवस्था करने से।जो कर्म एक विना जन्म देता तो पक्षपात आता।"

पाठको! अब आप नीचे दिये गए वैदिक एवं इस्लाम की सृष्टि-रचना का तुलनात्मिक अध्ययन करें....

इस्लाम मजहब की मान्यता	वैदिक मान्यता
(वही) आसमान व ज़मीन का मोजिद है और जब किसी काम का करना ठान लेता है तो उसकी निसबत सिर्फ कह देता है कि "हो जा" पस वह (खुद ब खुद) हो जाता है (२:११७)	रचना से पूर्व अन्धकार से आच्छादित प्रकृति थी। यह अनुभव न हो सकने वाली सलिल अवस्था में थी। अनुभव में न आ सकने वाली थी। तब तपस से एक महान प्रकाश प्रकट होता है।(ऋग्वेद: १०:१२९:३)
ख़ुदा ही तो है जिसने सारे आसमान और ज़मीन और जितनी चीज़े इन दोनो के दरम्यिान हैं छह: दिन में पैदा की फिर अर्श (के बनाने) पर आमादा हुआ उसके सिवा न कोई तुम्हारा सरपरस्त है न कोई सिफारिशी तो क्या तुम (इससे भी) नसीहत व इबरत हासिल नहीं करते (३२:४) आसमान से ज़मीन तक के हर अम्र का वही मुद्बबिर (व मुन्तज़िम) है फिर ये बन्दोबस्त उस दिन जिस की मिक्दार तुम्हारे शुमार से हज़ार बरस से होगी उसी की बारगाह में पेश होगा (३२:५) वही (मुदब्बिर) पोशीदा और ज़ाहिर का	प्राकृतिक नियमों और जगत के प्राकृतिक स्वरूप के तपने से यह जगत प्रकट होता है।जब अन्तरिक्ष शक्ति रहित हो जाता है तब रात्रि आ जाती है। शक्ति रहित अन्तरिक्ष से ही संवतसर का आरम्भ होता है अर्थात मध्य रात्रि में ही अगला ब्रह्म दिन आरम्भ होता है। सब को बश में रखने वाला काल(ईश्वर) संवत्सर का आरम्भ कर लेता है. फिर सूर्य चन्द्रादि पुन: वैसे ही बन जाते हैं. द्युलोक, पृथ्वी और अन्तरिक्ष आदि बन जाते हैं। (ऋग्वेद: १०:१९०:१-३-) आकाश (space) के पश्चात्

जानने वाला (सब पर) ग़ालिब मेहरबान है (६) वह (क़ादिर) जिसने जो चीज़ बनाई (निख सुख से) ख़ूब (दुरुस्त) बनाई और इन्सान की इबतेदाई ख़िलक़त मिट्टी से की (३२:७) उसकी नस्ल (इन्सानी जिस्म के) ख़ुलासा यानी (नुत्फे के से) ज़लील पानी से बनाई (३२:८) फिर उस (के पुतले) को दुरुस्त किया और उसमें अपनी तरफ से रुह फूँकी और तुम लोगों के (सुनने के) लिए कान और (देखने के लिए) आँखें और (समझने के लिए) दिल बनाएँ (इस पर भी) तुम लोग बहुत कम शुक्र करते हो (३२:९)

ऐ लोगों अपने पालने वाले से डरो जिसने तुम सबको (सिर्फ) एक रूह से पैदा किया और उसीमें से उनकी बीवी (हव्वा) को पैदा किया और (सिर्फ़) उन्हीं दो (मियाँ बीवी) से बहुत से मर्द और औरतें दुनिया में फैला दिये(४:१)
(अनुवाद: **मौलाना मुहम्मद** जूनागढ़ही व सभी आलिमों ने यही अर्थ किया है।)

वायु, वायु के पश्चात् अग्नि, अग्नि के पश्चात् जल, जल के पश्चात् पृथिवी, पृथिवी से ओषधि, ओषधियों से अन्न, अन्न से वीर्य, वीर्य से पुरुष अर्थात् शरीर उत्पन्न होता है। (तैत्तिरीय उपनिषत् २:१)

नोट: पाठको यहां पर मैं आपको कुरान की अंतरविरोध बातों पर ध्यान दिलाना चाहता हूं।
दिये संदर्भो में तो आप पढ़ चुके हैं कि अल्लाह ने आदम को मिट्टी से बनाया, मगर २१:९१ में मरियम का बिना पुरूष के बच्चा जनना, ९६:२ में खून के लोथड़े से और ७६:२ में फिर वीर्य से पैदा करना आदि संदर्भ अपने आप में अंतरविरोधी हैं। और फिर एक ही स्त्री-पुरूष से पैदा हुए बच्चों का आपस में शादी करवाना कौन सी सभ्यता है?

जनाब मुश्फिक साहब! आपने अपनेझूठ को छुपाने के लिए दूसरों पर आरोप लगाने का प्रयास किया। यही सवाल मैं आपसे करता हूँ,कि अल्लाहने आदम को जवान पैदा किया था या बच्चा?अगर जवान पैदा किया तो क्या आसमान से टपका दिया था अल्लाह ने? फिर आदम-पत्नी को कैसे पैदा किया?यह जवाब तो आपके पास भी था,फिर आपने यह सवाल किसलिए किया?जब अल्लाह एक पुरुष और एक ही स्त्री से दुनिया बना सकते हैं,तो परमात्मा अनेक क्यूं नहीं बना सकते? अल्लाह ने पुतला बनाकर उसमे रूह डाला,तो अल्लाह यहाँ मोहताज होगया मिटटी लाने वाले का,तो अल्लाहने जब आदम पत्नी को बिना मिटटी से कैसे बना दिया?आदम में अल्लाह ने रूह डाली,किन्तु आदम पत्नी को रूह अल्लाह ने डाली या नहीं इसकी चर्चा कहीं नहीं। सृष्टि विज्ञान को जब आप जानने का प्रयास करेंगे तो बात समझ में आएगी,पर समझने के लिए समझदारी चाहिये, वह आप लोगों में नहीं! सृष्टि रचना को जो मैं दर्शा दिया हूं, उसे ध्यान से पढ़कर समझने का प्रयास भी करें। ऋषि दयानन्द के बातों को पढ़ने व समझने के लिये दिमाग के साथ साथ कलेजा भी चाहिये वरना लोग सत्य को जान नहीं पाएंगे। गुरुदत्त विद्यार्थी जैसों ने १७ बार पढ़ा सत्यार्थ प्रकाश को, उसके बाद भी कहा कि जब-जब मैं इस सत्यार्थ प्रकाश को पढ़ा, हर बार कुछ ना कुछ नई बातें हमें मिली हैं।मैं अगर अपनी पूरी संपत्ति बेच कर भी यह सत्यार्थ प्रकाश खरीदता तो भी इस पुस्तक का मूल्य ज्यादा है।इस ग्रन्थ के बारे में इस भारत के गुलामी काल में अपने देश के जितने भी बड़े-बड़े विद्वान हुए, सब ने भूरी भूरी प्रशंसा की है और विदेशी विद्वानोंने भी इस पुस्तक का गुण-बखान किया है।सत्यार्थप्रकाश वह ग्रन्थ है न मालूम कितनों की काया कल्प किया है,लोगों को अंधकार से प्रकाश में ला खड़ा किया है, कितने भटकों को रास्ता दिखाया है इस एक ग्रन्थ को पढ़ने सेतीन सौ से भी ज्यादा ग्रंथों का पढ़ना हो जाता

है। इस ग्रन्थ के पढ़ने से बुद्धि का ताला खुल जाता है, आंखों पर से काला चश्मा उतर जाता है। इस किताब के पढ़ने वाले हर प्रकार के अंध-विश्वासों से मुक्ति पाए हैं।सही-सही परमात्मा का ज्ञान इस पुस्तक के पढ़ने से ही हुवा है।जिस परमात्मा के बारेमें लोगों ने दुकानदारी की,इस पुस्तकने लोगों को परमात्मा का सही और सच्चा पता बताया। सभी प्रकार के गुरुडम से दुनिया वालों को मुक्ति दिलाई,जिस पुस्तक ने सत्य और असत्य का बोध कराया। क्या पढ़ना,क्या नहीं पढ़ना, कब पढ़ना कब नहीं पढ़ना, किसके पास पढ़ना, किसके पास नहीं पढ़ना। क्या पहनना क्या नहीं पहनना,कैसा पहनना कैसा नहीं पहनना, कब पहनना, कब नहीं पहनना, क्या खाना,क्या नहीं खाना, कैसा ख़ाना,कैसा नहीं खाना,किसके हाथका खाना और किसके हाथ का नहीं खाना,किसके घर खाना, किसके घर नहीं खाना,इस प्रकार जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त,क्या करना क्या नहीं करना कोई विषय उस पुस्तक में खाली नहीं जो जीवन में काम आने वाली न हो,हर बात पर प्रकाश डालने के बाद,धरती पर फैले मत-पंथ को भली भांति दर्शाया।मानव समाज को तर्क की कसौटी पर खड़ा होने का बोध कराया। इस पुस्तक ने दीन दुखियों को जीने का सहारा दिया। मत-मतान्तरों के मकड़ जाल में फंसे,दुनिया वालों को निकाल कर धर्म का बोध कराया।उसी सत्यार्थ प्रकाश पर आप टिप्पणी कर रहे हैं,दर असल जिनकी बुद्धि द्वेशसे भरी होगी,वह वैसा ही सोच पाएंगे। इसलिए तो ऋषि दयानंद ने सत्यार्थ प्रकाश की भूमिका में ही जना दियां किं

"बहुत से हठी, दुराग्रही मनुष्य होते हैं कि जो वक्ता के अभिप्राय से विरुद्ध कल्पना किया करते हैं, विशेष कर मत वाले लोग क्योंकि मत के आग्रह से उनकी बुद्धि अन्धकार में फँस के नष्ट हो जाती है इसलिए जैसा मैं पुराण, जैनियों के ग्रन्थ, बायबिल और कुरान को प्रथम ही बुरी दृष्टि से न देखकर उन में से गुणों का

ग्रहण और दोषों का त्याग तथा अन्य मनुष्य जाति की उन्नति के लिए प्रयत्न करता हूं, वैसा सबको करना योग्य है। इन मतों के थोड़े-थोड़े ही दोष प्रकाशित किए हैं, जिनको देखकर मनुष्य लोग सत्या सत्य मत का निर्णय कर सकें और सत्य का ग्रहण और असत्य का त्याग करने कराने में समर्थ होवें, क्योंकि एक मनुष्य जाति में बहका कर, विरुद्ध बुद्धि कराके, एक दूसरे को शत्रु बना, लड़ा मारना विद्वानों के स्वभाव से बहि:है।"

मीयां जी! इस प्रकार की बात केवल ऋषि ही कर सकता है।

प्राय: लोगों से सुनता हूँ कि ऋषि दयानंद ने सत्यार्थ प्रकाश में केवल खंडन ही किया है।किन्तु मैं इससे सहमत नहीं हूँ, कारण खंडन का अर्थ है तोड़ना, चूर-चूर करदेना। पर उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। सिर्फ दर्शाया,आप इस किताब को मानते हो मैं उसी पर ही सवाल कर रहा हूं,जवाब दें! फिर भी कोई कहे कि खंडन किया,तो उनके लिए क्या कहा जा सकता है,पर विचार तो हम करही सकते हैं?देखें वेद में मूर्ति पूजा नहीं है,स्वामीजी ने सारा प्रमाण वेद से ही दिया है,तो जिनलोगों ने मूर्ति पूजा की, खंडन उन्हों ने किया या दयानन्द ने?तो ठीक इसी प्रकार की बातें हर मत मतान्तरों की पुस्तक से की हैं। तो उन्हें भी अपनी पुस्तक पर की गई टिप्पणी पर विचार करना चाहिये। उस गलती को ना देख कर सत्यार्थ प्रकाश पर दोष लगाना युक्ति युक्त नहीं,अपितु स्वामी जी को धन्यवाद देकर उनका शुक्रिया अदा करना चाहिये।कि **महाराज आपने मेरे ज्ञान-चक्षु खोल दिये मैं आप का आभारी हूँ।** अईना का काम है चेहरे को जूं का तूं दिखा देना किसी के चेहरे पे दाग लागा है आईना उसे दिखादे तो क्या उस आईनेकी गलती है? उसका काम तो हू-बहू दिखाना ही है, तो उसआईने को दोषी बताना कोई बुद्धि मानी नहीं!

अईना चेहरे का हर दाग दिखा देता है,

यह उसकीफितरत का तकाज़ा है,यह शिकवा कैसा।
आप सत्यार्थ कि तनकीदसे नाराज न हों,
अपने चेहरे को ही धो डालिए, और यह गुस्सा कैसा।।

आपने सत्य को सोचने समझने के बजाये, सत्य को मानने से इंकार करदिया,हाँ यहतो है कि सत्य को स्वीकार करने के लिए कलेजा चाहिये,हर कोई सत्यको सुन भी नहीं सकता,मानने की तो बात ही क्या है,सुनने के लिये भी लोग प्रस्तुत नहीं रहते,अनेको प्रमाण मैं दे सकता हूँ।आपने जो वेद का प्रमाण दिया उसमें बहुत गलतियां हैं,आपने मन्त्र भी सही नहीं लिखा,वह आपकी गलती नहीं, प्रायः लोग ऐसी गलती कर ही बैठते हैं, कारण जो जिस चीज को नहीं जानते और करने लगें! तो गलती का होना स्वाभाविक है, आपकी गलती को मैं ठीक करके लिखा हूँ।आपने ***अग्निमीळे***जो मन्त्र लिखा था वह गलत था मैं सुधार कर लिखा हूँ देख लेना। सब जगह इसी प्रकार की गलती आपने की हैं,इसलिये मैंने पहले ही कहा कि वेद पर चर्चा बाद में करलेंगे जिस कुरान को लेकर हम बैठे हैं पहले आप इसीसे अपना पिंड छुड़ायें।आपने अपनेझूठ को सत्य प्रमाणित करने के लिए मनमानी वैदिक मान्यता पर दोषारोपण करने का प्रयास किया है। वाम मार्गियों के अनुवाद का ही प्रमाण दिया है जिसकी हमारे यहाँ कोई मान्यता नहीं है। मैं पहले ही प्रमाण दे चुका हूँ ***ब्राह्मणस्य...***को आपने लिखा है, कैसे गलत है.... मैं दिखा चुका हूँ।आप मेरे सवालों का जवाब देने के बजाय खुद सवालों में उलझ गए! आप को जवाब देना था और आपने लिखा भी कि जवाब दे रहा हूँ,तो जवाब कौन सा है ? मेरा सवाल था ...आपकी मान्यता है तौरेत, जबूर,इंजील व कुरान यह चार ईश्वरीय ग्रन्थ हैं, पहली,दूसरीव तीसरी में क्या कमी रह गयी थी,जो चौथी में पूरी की गई ?और अगर कमी रह गई तो अल्लाह का ज्ञान अधूरा था क्या? उत्तर क्या दिया देखें!

"कुरआन मानता है कि पहले ईश्वरीय पुस्तकें आई हैं मगर इसी के साथ यह भी कहता है कि बेईमान लोगों ने उन में कई परिवर्तन कर दिए हैं। इसलिए अब उनमें जिन बातों की पुष्टि कुरआन करता है, वे सत्य हैं और जो बातें कुरआन के विरुद्ध हैं वे किसी ने मिला दी हैं। अल्लाह फरमाते हैं-

وَاَنْزَلْنَآ اِلَيْكَ الْكِتٰبَ بِالْحَقِّ مُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ مِنَ الْكِتٰبِ وَمُهَيْمِنًا عَلَيْهِ

हम (अल्लाह) ने आपकी ओर (ऐ नबी) कुरआन उतारा है जो अपने से पहली पुस्तकों की पुष्टि करता है और उनका संरक्षक है (अर्थात गलत को सही से अलग करता है)(सूरह माइदा ५य आयात ४८)

तो पिछली किताबों में जो गलत शिक्षाएं मिला दी गयी थीं, उनका खंडन कुरआन ने किया। उदाहरण के लिए देवता पूजा, अवतार पूजा, हजरत ईसा की पूजा, पुनर्जनम, स्त्री का अपमान, सती प्रथा, मनुष्य बलि, सन्यास, वर्णाश्रिम, आदि

इस प्रमाण से आपके प्रश्न का कोई आधार नहीं है, अल्लाह का ज्ञान अधूरा नहीं और ना ही पिछली किताबों में कोई कमी थी।"

मुशिफकजी! वाकईमें आप ने कितने सहज भाव से लिख दिया,शायद आप के पास अकल नामकी कोई चीज ही नहीं है।आप के अल्लाह का कलाम कैसा! जो इन्सान उसमें मिलावट करदे?और मिलाया भी तो क्या अल्लाह के खिलाफ बातें!! वाहरे! अकल के बटलोई! मतलब साफ हो गया कि अल्लाह की और इन्सान की बात या ज्ञान मिलता जुलता है तभी तो उसमें मिलावट की। हाँ! ध्यान रखनाभाई! आप ने अल्लाहके ज्ञान में भी दोष लगा दिया,अगर अल्लाह के ज्ञान में इन्सान ने मिलावटकी, तो क्या अल्लाह को पहले से यह इल्म नहीं था कि इसमें

मिलावट इन्सान कर सकता है? आपने जो हवाला दिया सूरा मायदा का तो जरूर आपने देखा होगा कि अल्लाह ने कहा ***"मैं अगर चाहता तो, तुम सब को एक उम्मत भी बना सकता था"***अब अल्लाह से कोई पूछे कि आप के सब को एक ना बनाने में कौन सा स्वार्थ था?क्या आप यह देखना चाहते थे कि मुश्फिक मियां में और महेंद्र पाल में किसतरह बहस मुबाहेसा होगा?वाह रे खुदा! तू और तेरी खुदाई! दुनिया वालों को किसलिए लड़ने में आमादा करवा दिया,***आबुहुम आदामो वल उम्मो हवाऊ:***जब इस्लाम की मान्यता है सब इन्सान का बाप आदम और माँ हवा है?

नोट: इस से बड़ी मुर्खता की बात और क्या होगी!अल्लाह की दी हुई पुस्तकों में बेईमान लोगों ने मिला दिया! कितनी अज्ञानता की बात है?न मालूम परमात्मा इनको बुद्धि कब देंगे?अरे! अकल से पैदल चलने वालो! तुम्हारे अल्लाह कीवह किताब कैसी? जिसमें इन्सान ही मिलावट कर दे?अकल के अंधों को मालूम ही नहीं वेद एक ही है।चार कांड हैं, जिसे ऋषियों ने अलग कर के दिया। ज्ञान कांड, कर्म कांड, उपासना कांड और विज्ञान कांड जो चार ऋषि ने अलग-अलग बताया।वेद मूलत:एक ही है।अगर वेद चार हों तो एक ऋषि दुसरे वेद से वंचित रह जायेंगे!यही कारण है किवेद ***एक वचन में ही आया है।*** ***वेद सब सत्य विद्याओंकी पुस्तक है।*** आपने सोचा कि जैसे तौरैत, जबूर,इंजील और कुरान यह चार है अलग-अलग, तो वेद भी ठीक ऐसाही होगा और आपने लिख दिया।मैं तो बार बार इसलिये आपसे कहरहा हूँ कि आमने-सामने बैठ कर हम बात करें और सही क्या है,गलत क्या है इसे खुद जाने... औरों को भी जान कारी दें। आप आज तक तैयार ही नहीं हो रहेऔर अनाप-शनाप बोलना भी बंद नहीं कर रहे हैं! यह कौन सा तरीका है भाई?

अब मेरे सवालों को देखें, किसी कुंवारी लड़की से, संतान ईसा का पैदा होना, विज्ञान व मानवता विरुद्ध नहीं? अगर कुरान ज्ञान का भंडार है! फिर यह अज्ञान-भरी बातें क्योंऔर कैसे! कौन सा तरीका है जो अल्लाहने मरियम के शर्मगाहमें फूंक मारकर गर्भवती बना दिया!सूराअम्बिया ९१ को देखें!

وَالَّتِيٓ اَحْصَنَتْ فَرْجَهَا فَنَفَخْنَا فِيْهَا مِنْ رُّوْحِنَا وَجَعَلْنٰهَا وَابْنَهَآ اٰيَةً لِّلْعٰلَمِيْنَ ﴿٩١﴾

اور ان بی بی (مریمؑ) کا تذکرہ کیجیے جنہوں نے اپنے ناموس کو بچایا پھر ہم نے ان میں اپنی روح پھونک دی اور ہم نے ان کو اور ان کے فرزند (عیسیٰؑ) کو دنیا جہان والوں کے لیے (اپنی قدرت کاملہ کی) نشانی بنا دی۔ (۹۱)

अर्थ ऊपर लिख चुका हूँ।अब यह अल्लाह काकौन सा आविष्कार है कि किसी महिला कोफूंक मार या किसी और से मरवा कर गर्भवती बना दे?और फिर सूरा दहर आयत २ को पढ़ें!

اِنَّا خَلَقْنَا الْاِنْسَانَ مِنْ نُّطْفَةٍ اَمْشَاجٍ ۖ نَّبْتَلِيْهِ فَجَعَلْنٰهُ سَمِيْعًا بَصِيْرًا ﴿٢﴾

ہم نے انسان کو (مرد اور عورت کے) مخلوط نطفہ سے پیدا کیا جسے ہم الٹ پلٹ کرتے رہے پھر اسے سننے اور دیکھنے والا بنا دیا۔

मुश्फिक मीयां! यहां तो कुरान अल्लाह ही का परदाफाश कर रहा है। अब आप ही बताओ कि अल्लाह की कौनसी बात सही है!!? अगर पहली आयत को माने... जो अल्लाह निराकार है वह फूंक किस प्रकार मारेगा भला? अकल के दुश्मन ने जवाब दिया!

"हजरत मरियम से बिन पति के संतान का पैदा होना सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञ ईश्वर के लिए कोई बड़ी बात नहीं।"

भाई! आपने फिर मुर्खता पूर्ण बात लिखदी। आपने ईश्वर के लिएलिखा कि *कोई बड़ी बात नहीं,* तो यह काम ईश्वर का है ही नहीं!इतना प्रमाण मैं दे चुका हूँ कि ईश्वर और अल्लाह एक नहीं हैं।कारण, ईश्वर का काम सिस्टम से है, नियमानुसार है, हिसाब से

है।ईश्वर कभी किसी महिला में फूंक नहीं मार सकता,जो अल्लाह ने कुरान में बताया। सर्वशक्तिमान का यह अर्थ नहीं कि किसी महिला में फूंक मारे। भाई! इसको तो अल्लाह तक ही रहने दें! ईश्वर के पास मत भेजना इस काम को!!! इस जनाब ने इस बात को सही सिद्ध करने के लिए कैसी-कैसीअटकलें लगाई, देखें!

"यहाँ पर अरबी शब्द "अह्सनत फर्जहा" का अर्थ होता है अपनी पवित्रता (अर्थात इज्जत) की सुरक्षा। हजरत मरयम की एक खूबी यहाँ यह बतायी गयी कि उन्हों ने अपनी शेह्वत (वासना) को काबू में रखा।"

इस बेचारे ने सोचा यह जवाब ही अकाट्य है, पर उनकी चालाकी ने ही उसे फंसा दिया!

भाई मुश्फिक जी ऊपर के चित्र में ***आसान कुरानिक कोश जो अब्दुल करीम पारीख*** क्या अर्थ बता रहा है फरूजा: का वह भी देख लें।***अब ऐ मुश्फिक! तू मेरे दियेगए किस-किस प्रमाण को झुठलाओ गे!***यह ध्यानसे देखें,वह नारी जिसने अपनी स्वतित्व की रक्षा की,तो सिर्फ मरियम ही किसलिए अपनी पवित्रता कि हिफाजत करेगी भला, वह तो हर महिला ही करती है!पता लगा कि अल्लाह की नजर में सिर्फ मरियम ने ही अपनी पवित्रता कि हिफाजत की थी कोई और नहीं?दूसरी बात है कि अल्लाह ने रूह फूंकी?वह रूह कौन सी थी जो अल्लाह ने फूंकी? वह आई कहांसे और वह बनी कैसे और किस चीज से वह रूह बनी थी? फिर इन्होंने कहा वह **विशेष मामला था**,तो क्या अल्लाह ने इन्सान बनाने में सबके साथ अलग अलग मामला रखा **है**?या मनुष्य

बनाने की परिपाटी सब एक ही है? फिर कहा इस बात को सारे मनुष्यों पर लागू नहीं कर सकते। मतलब वही हुवा जो मैं लिखा हूँ। यानि अल्लाह ने हर एक को अलग अलग ढंग से बनाया। यह काम परमात्मा का नहीं है। यह किस प्रकार अपनी गलती को छुपाने के लिए मनमानी बातें कर रहे हैं..... देखें!***विशेष कारण थे,हजरत ईसा के साथ एक विशेष मामला था,*** ईसा को बिना बाप का पैदा करके अल्लाह क्या बताना चाहते हैं जो विशेष मामला बताया जा रहा है?पर वह भी तो बताना चाहिये ना,कि वह मामला क्या था, अल्लाह इससे दुनिया वालों को क्या शिक्षा देना चाहते हैं?हर वेद मन्त्र को इन्हों ने गलत लिखा और अपने लिये मनमानी अर्थ, जो अवैदिक हैं, उसी को लिखा।

अब मेरा सवाल था क्या पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब ने अपने पालक पुत्र ज़ैद की पत्नी ज़ैनब से निकाह किये बिना अपनी पत्नी बना कर घर नहीं रखा? फिर अल्लाह को गवाही देनी पड़ी और कहना पड़ा"हमने आसमान में निकाह करा दिया"।निकाह गवाही के बिना होता नहीं,आसमान में गवाह कौन थे? किस काज़ी व मुफ़्ती ने निकाह कराया?मेहर कितना रखा गया? सभी प्रश्नों का सही जवाब मिलने पर इस्लाम स्वीकार करने पर विचार किया जा सकता है,अगर जवाब न मिले तो वैदिक धर्मी, बनने हेतु निमंत्रण है।उसका उत्तर क्या दिया देखें......

"पंडित जी आपका अंतिम प्रश्न तो झूट का भंडार घर है,पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्ल ने हजरत जैनब से इस्लामी नियम के अनुसार निकाह किया,आपने अपने दावे का कोई प्रमाणिक हवाला नहीं दिया,आसमान में निकाह हुवा यह आपने कहाँ पढ़ा है पया कुछ ठोस प्रमाण प्रस्तुत किजये उसके बाद ही मै उत्तर देने का विचार करूँगा "

अरे भाई आपतो इस्लाम के दावेदार हैं और अपने को ज्ञाता मान रहे थे,वह भी सिर्फ कुरान के जानकार नहीं अपितु वेद के भी जानकार महा पंडित अपने को दर्शाने को आतुर थे। इस्लाम जगत के मौलवी सना उल्लाह जैसों से भी अपने को बड़ा आलिम मान कर नए तत्थों के साथ जवाब दे रहा हूँ लिखा,फिर कुरान कि जानकारी मेरे से पूछ रहे हैं? जनाब!एक बात जरूर ध्यान रखना जानकारी ली जाती है,जानकारों से,आलिमों से,अपनों से जो बड़ा है उन से और उस्तादों से।अब तक तो दुनिया को उस्ताद बन कर बातें कर रहे थे,अब" आगये असलियत पर! याद रखना उस्ताद उस्ताद ही होता है, जो आपने मुझे मानलिया।ठीक है, मैं आपको कुरान से ही जानकारी दे रहा हूँ,कि जैनब को निकाह किये बगैर,रसूले खुदा ने अपने घर रख लियाऔर अल्लाह ने किस प्रकार इसका समर्थन करते हुवे कहा कि मैंनेनिकाह करादी,तो खुदा असमान में है या धरती पर? अल्लाह जिस जगह हैं निकाह भी वहीं हुई इस में कौन सा प्रमाण चाहिये भाई?

आप सूरा अहज़ाब की आयत ३७व ५० ही पढ़लें!तो उसी मेंही आप पा जायें गे बहुत सारा भेद.....

وَاِذْ تَقُوْلُ لِلَّذِیْٓ اَنْعَمَ اللّٰهُ عَلَیْهِ وَاَنْعَمْتَ عَلَیْهِ اَمْسِكْ عَلَیْكَ زَوْجَكَ وَاتَّقِ اللّٰهَ وَتُخْفِیْ فِیْ نَفْسِكَ مَا اللّٰهُ مُبْدِیْهِ وَتَخْشَی النَّاسَ ۚ وَاللّٰهُ اَحَقُّ اَنْ تَخْشٰىهُ ؕ فَلَمَّا قَضٰی زَیْدٌ مِّنْهَا وَطَرًا زَوَّجْنٰكَهَا لِكَیْ لَا یَكُوْنَ عَلَی الْمُؤْمِنِیْنَ حَرَجٌ فِیْٓ اَزْوَاجِ اَدْعِیَآىِٕهِمْ اِذَا قَضَوْا مِنْهُنَّ وَطَرًا ؕ وَكَانَ اَمْرُ اللّٰهِ مَفْعُوْلًا ﴿۳۷﴾

اور جب اس شخص سے فرمارہے تھے جس پر اللہ نے بھی انعام کیا اور آپ نے بھی انعام کیا کہ اپنی بی بی (زینبؓ) کو اپنی زوجیت میں رہنے دے اور خدا سے ڈر اور آپ اپنے دل میں وہ (بات بھی) چھپائے ہوئے تھے جس کو اللہ تعالیٰ (آخر میں) ظاہر کرنے والا تھا اور آپ لوگوں (کے طعن) سے اندیشہ کرتے تھے اور ڈرنا تو آپ کو خدا ہی سے سزاوار ہے پھر جب زید کا

اس سے جی بھر گیا ہم نے آپ سے اس کا نکاح کر دیا تاکہ مسلمانوں پر اپنے منہ بولے بیٹوں کی بی بیوں کے (نکاح کے)
بارے میں کچھ تنگی نہ رہے جب وہ (منہ بولے بیٹے) ان سے اپنا جی بھر چکیں اور خدا کا یہ حکم تو ہونے والا تھا ہی۔(۳۷)

يَاَيُّهَا النَّبِيُّ اِنَّآ اَحْلَلْنَا لَكَ اَزْوَاجَكَ الّٰتِيْٓ اٰتَيْتَ اُجُوْرَهُنَّ وَمَا مَلَكَتْ يَمِيْنُكَ مِمَّآ اَفَآءَ
اللّٰهُ عَلَيْكَ وَبَنٰتِ عَمِّكَ وَبَنٰتِ عَمّٰتِكَ وَبَنٰتِ خَالِكَ وَبَنٰتِ خٰلٰتِكَ الّٰتِيْ هَاجَرْنَ
مَعَكَ وَامْرَاَةً مُّؤْمِنَةً اِنْ وَّهَبَتْ نَفْسَهَا لِلنَّبِيِّ اِنْ اَرَادَ النَّبِيُّ اَنْ يَّسْتَنْكِحَهَا خَالِصَةً
لَّكَ مِنْ دُوْنِ الْمُؤْمِنِيْنَ قَدْ عَلِمْنَا مَا فَرَضْنَا عَلَيْهِمْ فِيْٓ اَزْوَاجِهِمْ وَمَا مَلَكَتْ
اَيْمَانُهُمْ لِكَيْلَا يَكُوْنَ عَلَيْكَ حَرَجٌ وَكَانَ اللّٰهُ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ۝۵۰

اے نبی ﷺ ہم نے آپ کے لیے آپ کی یہ بیبیاں جن کو آپ ان کے مہر دے چکے ہیں حلال کی ہیں اور وہ عورتیں بھی جو
تمہاری مملوکہ ہیں اور جو اللہ تعالیٰ نے غنیمت میں آپ کو دلوادی ہیں اور آپ کے چچا کی بیٹیاں اور آپ کی پھوپیوں کی
بیٹیاں اور آپکے ماموں کی بیٹیاں اور آپ کے خالاؤں کی بیٹیاں بھی جنہوں نے آپ کے ساتھ ہجرت کی ہو اور اس
مسلمان عورت کو بھی جو بلا عوض اپنے کو پیغمبر کو دے دے بشرطیکہ پیغمبر اسکو نکاح میں لانا چا ہیں یہ سب آپ کے لیے
مخصوص کیے گئے ہیں نہ اور مومنین کے لیے ہم کو وہ احکام معلوم ہیں جو ہم نے ان پر ان کی بیبیوں اور لونڈیوں کے بارے
میں مقرر کیے ہیں تاکہ آپ پر کسی قسم کی تنگی (واقع) نہ ہو اور اللہ تعالیٰ غفور رحیم ہے۔(۵۰)

मैं आपके साथ-साथ दुनिया के लोगों को भी बता देता हूँ कि इस्लाम का पैग़म्बरऔर क़ुरान का अल्लाह और साथ उसमें विश्वास या सत्य मानने वाले लोगों को भी कि क्या यह काबिले क़ुबूल है?(३७) ऐ नबी! याद करो वह अवसर जब तुम उस व्यक्ति से कह रहे थे,जिसपर अल्लाहने और तुमने उपकार किया था। अपनी पत्नी को ना छोड़ और अल्लाह से डर। उस समय तुम अपने दिलमें यह बात छिपाए हुए थे,जिसे अल्लाह खोलना चाहता था, तुम लोगों से डर रहे थे, हालां कि अल्लाह इस का ज्यादा हक़ रखता है,कि तुम उस से डरो। फिर जब जैद उस से अपनी जरूरत पुरी कर चुका तो हमने उस (तलाक पाई हुई) औरत का तुमसे निकाह कर दिया,ताकि ईमान वालों पर अपने मुंह बोले बेटों कि पत्नियों के मामले में कोई तंगी ना रहे,जबकिवह उनसे

अपनी जरूरत पूरी कर चुके हों।और अल्लाह का आदेश तो कार्यान्वित होना ही चाहिये था।

(३८).नबी पर किसी ऐसे काम में कोई रुकावट नहीं है जो अल्लाह ने उसके लिए नियत कर दिया हो।यही अल्लाह का दस्तूर (सुन्नत) उन सब नबियों के मामले में रहा है जो पहले गुजर चुके हैं और अल्लाह का आदेश एक अकाट्य निश्चित फैसला होता है।(यह अल्लाह का दस्तूर है उन लोगों के लिए)जो अल्लाह के सन्देश पँहुचाते हैं और उसी से डरते हैं और एक अल्लाह के सिवा किसी से नहीं डरते और हिसाब लेने के लिए बस अल्लाह ही काफी हैं।

(५०)को देखें!ऐ नबी! हमने तुम्हारे लिए हलाल करदी तुम्हारी वे बीवियाँ जिनके मेहर तुमने अदा किये हैं,और वे औरतें जो अल्लाह की प्रदान की हुई दासिओं में से तुम्हारी मिलकियत में आएंऔर तुम्हारी चचा जादऔर फूफी जादऔर मामुजाद और खाला जादबहने जिन्हों ने तुम्हारे साथ हिजरत की है और वह ईमान वाली औरतें, जिसने अपने आपको नबी के लिए हिवां किया हो अगर नबी उसे निकाह में लेना चाहे।यह छूट सिर्फ तुम्हारे लिए हैदुसरे ईमान वालों के लिए नहीं है।हमको मालूम है कि सामान्य ईमानवालों के लिए उनकी पत्नियों और दासियों के बारे में हमने क्या सीमाएं निर्धारित की हैं (तुम्हें उन सीमायों से हमने इसलिये मुक्त किया है) ताकि तुम्हारे ऊपर कोई तंगी न रहे, अल्लाह अत्तयंत क्षमा शील और दयावान है।

भाई जी ध्यान से पढ़ना! क्या कहा अल्लाह ने, ***“नबी याद करो वह अवसर,जब तुम उस व्यक्ति से कुछ कह रहे थे,जिस पर अल्लाह ने और तुमने उपकार किया था”*** यहाँ सवाल होता है कि अल्लाहने और तुमने,क्या अल्लाह इन्सान के साथ मिलकर उपकार करने लगते हैं?या इन्सान का और अल्लाह का उपकार एक जैसा होता है?जो इन्सान और अल्लाह दोनों मिलकर किसी मानव का उपकार कर रहे

है?उस आदमी से क्या कहा ***"अपनी पत्नी को न छोड़ और अल्लाह से डर"*** अल्लाह का सुझाव किसी की पत्नी को न छोड़ने से क्या मतलब? यहाँ जो सोचने और समझने की बात है वह यह कि, अल्लाह और नबी दोनों ने मिल कर उपकार किया जैद पर,नबी का उपकार अपनी बहन से निकाह किया है,पर अल्लाह का उपकार क्या है? यह आयत का शानेनुजूल (उतरना) क्या है देखें! नबी ने एक गुलाम को खरीदा था,जिसका नाम था ***जैद बिन हारिस***। उसे नबी ने अपना मुँह बोला बेटा कहा यानि गोदि लिया,दत्तख पुत्र, लोग उन्हें ***जैद बिन मोहम्मद*** ही कहते रहे,यानि मोहम्मद का पुत्र जैद। उस की शादी अपनी फूफी (बुवा) की लड़की, जो नबी की फुफेरी बहन थी, से शादी की,यानि नबी के बहनोई थे,उसकी बात चल रही है,कि अपनी पत्नी को न छोड़ ।और अल्लाह से डर,बात यह है कि उसी जैनब से नबी ने शादीकी ।तो अल्लाह यह दर्शाना चाहते हैं कि मुँह बोला बेटे की तलाक-शुदा पत्नी को निकाह करना जायेज है,यही कारण है इस आयत के उतरने का।***"उस समय तुम अपने दिलमें यह बात छिपाए हुए थे,जिसको अल्लाह खोलना चाहता था,तुमलोगों सेडर रहे थे"***। दिलमें कौन सी बात कौन छिपाए हुए थे? तो जवाब है नबी जैनब से शादी करने की बात दिल में छिपाए हुए थे!लेगोंसे डर रहे थे,यह अल्लाह कह रहे हैं!

भाई! डर इन्सान को कब लगता है?जब कोई गलत काम करे,मानवता के विपरीत काम करे! जब मानवता विरुद्ध कोई काम मानव करने लगता है, तो मानव मात्र के मन में भय, लज्जा,शंका उत्पन्न होते हैं। और यह हिन्दू, मुस्लिम,ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध, बहाई किसी वर्ग विशेष में नहीं अपितु समग्र मानव मात्र में यही भय, लज्जा, शंका,उत्पन्न करने वाले का नाम परमात्मा है। अब अल्लाह का काम देखें ***नबी इस बात को ज़ाहिर करने में डर रहे थे*** यानि जैनब से शादी करने की बात मन में थी, लोक लाज से डर रहे थे,अल्लाहने उसे

खोल दिया,यानि उस डरको ख़तम कर दिया। इसमें बहुत ही गम्भीर **बातें** हैं हमें विचार करना चाहियें,कि जो भय,गलत काम करने से होता है,उसी भय को अल्लाह ख़तम करदे! तो अल्लाह गलत काम करवाना चाहते हैं?हाय रे! इन्सान कहलाने वाले तेरी बुद्धि कब खुलेगी, कब तू इन्सान कहलाये गा? कारण यही बुद्धि रखने वाले का नाम ही इन्सान है,मगर हम इन्सान कहलाने वाली बात ही भूल गए ! ! ! !आगे चलें! ***"अल्लाहने उस बातको खोला जिसे नबी खोलना नहीं चाहते थे"***यहाँ अल्लाह और नबी के बारे में इस्लाम की मान्यता है,कि अल्लाह के दोस्त थे हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम। यह बात कैसी हो रही है किएक दोस्त लोक-लाज से डरकर कुछ बात छुपाना चाह रहे हैं,और उसीका ही दोस्त उस बात को लोगों में खोलना चाहते हैं?तो क्या यह कोई दोस्त का काम है,कि कोई गलत बात जो मन में है उसे दूसरा दोस्त लोगों में बता दे? मुश्फिक मियां! अगली बात पर ध्यान देना,***"फिर जब जैद उससे अपनी जरूरत पूरी कर चुका तो हमने उस(तलाक पाई हुई औरत) का तुमसेनिकाह करदिया"*** ।मैंजानना चाहता हूँ निकाह कहाँ हुई?***"ताकि ईमानवालों पर अपने मुँह बोले बेटों की पत्नियों के मामले में कोई तंगी न रहे जबकि वह उनसे अपनी जरूरत पूरीकर चुके हों । और अल्लाह का आदेश तो कार्यान्वित होना ही चाहिये था "।*** आपने लिखा आसमान में निकाह हुवा, यह आपने कहाँ पढ़ा है?मुझे लगा कि आप ने कुरान को आँखें बंद कर पढ़ी होगी!! कि निकाह कराने वाला अल्लाह है जो अल्लाह सातवें असमान पर हैं,तो क्या अल्लाह अपनी दोस्त की शादी कराने को काजी बने,तो क्या वह धरती पर, आकर निकाह कराई या असमान में? यही तो मैंने पुछा कि गवाह कौन-कौन थेऔर **मेहर** कितना तय किया गया था?कारण यहीं आयत ५० में अल्लाहने कहा ***"मेहर दिए बिना उस पत्नी से हमबिस्तरी ज़ायेज नहीं ऐ नबी! हमने तुम्हारे लिए हलाल***

करदी तुम्हारी वे पत्नियाँ जिनके मेहर तूमने अदा किये हैं।क्या इससे भी कोई और ठोस प्रमाणकि जरूरत है, इनसान बताने वालोंको।" आपने यह भी लिखा कि कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत किजीये,यह प्रमाण मैंने कुरान से ही दिया है, यह हिन्दी अनुवाद मौलाना फारुख खान का किया है, इन मौलाना फारुख खान से मेरी मुबाहिसा २००४ के १ अगस्त में आर्यसमाज खारी बावली दिल्ली में हुवा था। मैंने कुरान की भाषा में जो अल्लाहने कही है उसे लिखा। गौर से सबजने पढ़ना।एक बात यहाँ यह भी है कि यह आयत एक जरूरी मसले को लेकर उतरी,यानि इस से पहले अपने मुँह बोला बेटे की तलाक शुदा पत्नी से लोग निकाह नहीं करते थे,अल्लाह ने इस को इस्लाम वालों के लिए जायज कर दिया।सवाल यह है कि हुजूर सल्लल्लाहु अलैहवसल्लमअगर अपने मनमें यह बात न छुपाते तो अल्लाह को यह आयत खोलना नहीं पढ़ता, या नाजिल न करनी पड़ती।तो क्या किसी व्यक्ति विशेष के जीवन में क्या घटना घटेगीऔर उसके आधार पर अल्लाह अपनी आयत उतारें उसे कलामुल्लाह तो कहा जा सकता है,किन्तु परमात्मा का मानव मात्र को दिया ज्ञान मानना कैसे संभव हो सकता है भला !!?

यही कारण है कि परमात्मा का दिया ज्ञान मानव मात्र के लिए, सृष्टी के आदि में ही मानव मात्र की भाषा में दिया है जिसका नाम वेद है,अनेक प्रमाण पहले मैं दे चुका हूँ। इस कसौटी को कुरान के साथ मिला कर देखना कहीं भी मेल खाता हो..... यानि पूरी कुरान हजरत मोहम्मद साहब को सामने रखकर अरब देश कीघटना,मक्का, मदीना आसपास के देशों का नाम, उनकी दिनचर्या, उसी काल की कुछ किस्सा कहानी को ही मनोरम तरीके से दर्शया गया है ।

कुछ भी हो कहने का तात्पर्य यह है किकुरान की आयत को अल्लाहने जरूरत होने पर ही हजरत जिब्राइल नामी फ़रिश्ते के माध्यम से उतार दिया, जिस में हजरत साहब के जीवन की कुछ घटनाएँ,उनकी

पारिवारिक जीवन जिसमें शादी भी शामिल हैं, जो अभी दर्शाया गया। तो एक व्यक्ति विशेष के जीवन कीघटना को ईश ग्रन्थ कहना यह इस्लाम वालों के लिए तो मानना संभव है,किन्तु पूरी दुनिया वालों के लिए कैसे संभव होगा?जैसा ऊपर दिखाया गया कुरान जो कलामुल्लालह है,जिस में अल्लाहने यह हुकुम मुसलमानों को दिया कि अपने मुँह बोला बेटे की तलाक शुदा पत्नी से निकाह कर सकते हैं।क्या यह आदेश हर मानव के लिए मान्य है? इस्लाम वालों को छोड़ यह काम हिन्दू (आर्य) लोगों में संभव ही नहीं,अब बताएं कि कुरान को ईश वाणी मानना कैसे युक्ति युक्त हो सकता है ?

आपने अंत में लिखा कि स्वामी दयानन्द ने लिखा है कि जैसे विधवा स्त्री देवर के साथ संतानुत्पत्ति करती है, वैसे ही तुम करो।आपने इसको ठीक ही तो लिखा है कि स्वामीजी ने देवर का अर्थ लिखा, दूसरा वर (पति)। इसमें क्या गलत देखाई पड़ी आपको?दूसरी बात मैं नियोग प्रकरण को पहले लिख चुका हूँ।आपने लिखा...

"इसी के साथ पंडित महेन्द्रपाल आर्य के १५ प्रश्नों के इस्लाम और हिन्दू धर्मशास्त्र की रौशनी में विस्तृत व सही उत्तर समाप्त हुए। हम आशा करते हैं कि पंडित महेन्द्रपाल सत्य को स्वीकार करेंगे,और इस्लाम की पवित्र छाया में लौट आयें गे।"

जनाब मैं यह दुनिया वालों पर छोड़ रहा हूँ कि पढ़े लिखे लोग विचार करें कि इस्लाम ही पवित्र क्यों और कैसे? जिस समाज के लोग अपने मुँहबोला बेटे की तलाक शुदा पत्नी से, शादी ससुर करे भला!ओह! पवित्र कैसे हो सकता है?हुजूर मैं तो आपसे यही अर्ज़ करूँगा कि इस जंजालसे, अंध परम्पराऔर व्यक्तिपूजा से मुक्त हो कर मुझ जैसे,सत्यसनातन वैदिकधर्म की गोदमें आजायेंऔर इन हिन्दू मुस्लमान के पचड़े से बाहर निकलें। हम मानव बन कर ही जीना सीखें औरों को सुखी बनायें,जिसमें अपना भी सुख है। क्यों कि दुःख का कारण है

अविद्या, हम विद्वान बनकर ही उस दु:ख का निवारण कर सकते हैं । धरतीपर जबतक जीओ पेड़ बनकर जीओ,प्राणी मात्र को शीतल छाया देकर उन्हें लाभ पहुँचाओउन से धन्यवाद लो।और जाते वक्त ऐसा बीज बोकर जाओ कि वह वृक्ष बनकर औरों को शीतल छाया प्रदान करें,कि तुम्हारे न रहने पर भी औरों को वह छाया मिलती रहे। यही है मानवता की पहचान और अगर कहीं कांटे बनगए!तो जीते जी गाली सुनते रहोगेऔर मरने के बाद भी गाली हीमिलेगी। मेरे अच्छे मुश्फिक भाई! आपने मुझे उस्ताद मान कर कुछ पूछा था मैंने अपनी सुझाव आपके लिए और इस पुस्तक को सभी पढने और सुनने वालों को दी है,अब आप पर निर्भर है आप क्या करें गे?

मनुष्य मात्र को चाहिये सत्य को धारण करना और असत्य को छोड़ देना इसी का नाम मानवता है,तो आपका स्वागत है अगर आप मानवता को अपनाना चाहतेहैं तो आप को पुन: निमंत्रण है...

मैं पंडित महेन्द्र पाल आर्य धरती के सभी मत पंथ वालों को यही सुचना देना चाहता हूँ कि मानव मात्र का धर्म एक है,धर्म ईश्वर प्रदत्त होता है,मत पंथ किसी मनुष्य के द्वारा ही जन्म दिया जाता है। जिसका नियम,कानून उसके बाद बनाया जाता है,उससे पहले नहीं था,पहले जो मानव थे तो क्या उनके लिए कोई कानून नहीं रहा होगा! इसमें सृष्टि कर्ता पर दोष लगेगा।

हम इसको दुनिया से भी सीख सकते हैं,देख सकते हैं,ले सकते हैं,जैसा सरकार किसी रुट पर बस या ट्रेन चलाती है,तो पहले उसका रुट तैय होता है, बिना लाइन या रुट के कोई गाड़ी नहींचलती। तो जो विश्व के रचनाकार हैं जिन्हों ने मानव बनाया, तो उसे चलने के लिए कोई नियम कानून न दे, कैसे संभव होगा भला? फिर वह नियम मानव मात्र के लिए न हो तो उसपर दोष लगेगा, मानव का चलना संभव भी नहीं होगा, और बार-बार ज्ञान दे तो भी दोष लगेगा,कारण पहले वाले

कहेंगे उसका दिया ज्ञान हमारे पास है।दुसरे बोलेंगे कि हमारे पास असली ज्ञान है फिर तीसरे और चौथा भी यही कहेगा इस प्रकार मानव-जाति में आपस में मत भेद पैदा हो जाएंगे। झगड़े का घर बनता रहेगा,अपनी पुस्तक और किताब मे ही लोग उलझ कर रहेंगे,*जो आजहो रहा है... पूरी दुनिया के सामने है, यह सभी दोष उस दुनिया के बनाने वाले पर ही लगेगा।*

यही कारण बना कि आदि सृष्टि में परमात्मा ने मानव मात्र को अपना ज्ञान दिया,जैसा हम जो मोबाईल से काम लेते हैं खरीदते समय उसके साथ एक किताब हर कम्पनी वालों ने दी है और वह मोबाईल खरीदते वक्त ही दिया है।अगर बाद में देता तो उसे चलाना संभव न था ठीक इसी प्रकार ज्ञान के बिना कर्म का करना कैसे संभव होगा?जब हमारे पास किसी का फोन आता है, तो ऊपर निचे दो बटन लगे हैं,हम निचे वाली बटन को दबाते हैं तो,फोन करने वाले के साथ जुड़ जाते हैं और अगर ऊपर वाली बटन को दबाएँ तो फोन करने वाले के साथ जुडने के बजाये जुदा हो जायेंगे।तो यह बटन को दबाने के लिए चाहिये ज्ञान, और फिर उस बटन को दबाना है कर्म, तो ज्ञान के बिना कर्म का करना संभव नहीं हो सकता। भूख का अहसास करना ज्ञान है,भूख को भोजन के द्वारा शांत करना कर्म है। यहाँ भी ज्ञान के बिना कर्म का करना संभव न होगा? अब मैं दुनिया वालों से पूछना चाहता हूँ कि मानव मात्र को भूख, मानव के जन्म कालसे है,या आजसे है। भले ही लोग आगसे बनाये बिना खाते हों,कच्चे ही सही, खाना तो कर्म है भूख का अहसास होना तो ज्ञान है,तो यह कबसे हैऔर किनके लिए है?क्या यह कोई बता सकता है कि यह भूख सिर्फ हिन्दुओं को,मुसलमानों को, सिख, ईसाई, जैनी, बौधिस्ट लोगों को ही है?या यह सभी मानव मात्र के लिये है? फिर उस बनाने वाले ने ज्ञान सब को बराबर दिया या अलग अलग दिया?यह आजसे दिया अथवा दुनिया के बनने के साथ साथ दिया?

जब हम इन सभी बातों में मतभेद नहीं रखते,तो फिर परमात्मा के दिये हुए ज्ञान में मतभेद क्यों? ठीक इसी प्रकार दुनिया बनाने वाले बिना पक्षपात के मानव मात्र को अपना ज्ञान प्रथम से न देते तो मानव मात्र का एक कदम भी चलना नहीं होता। आयें उस ज्ञान को पहचानें! तदनुसार उसपर चल कर ही प्राणी मात्र का कल्याण हम कर सकते हैं, इसमें आनेका स्वागत है।

मेरा संदेश

कोई यह न समझे कि मैं सत्य से अलग हट रहा हूँ. मैं आज भी उसी बात पर टिका हूँ, जो मैंने पत्रक में लिखा है, इस्लाम एंड हिंदूइस्म के मुश्फिक ने लिखा, "मेरे दिए हुए जवाब से संतुष्ट होकर सीधा इस्लाम को स्वीकारें गे." विचार क्या करना है ! मैं उसके जवाब में दुनिया वालों को वह निर्णायक जज बनाता हूँ कि आज आप लोग ही फैसला करें कि मैं सीधा इस्लाम स्वीकार करूँ या मुश्फिक अपने पूर्वजों के सत्य सनातन वैदिक धर्म में लौटें? आज हम सही जगह पर खड़े हैं. कि धर्म और मत-पंथ जो मानव निर्मित हैं उसे धर्म जाने? या ईश्वर प्रदत मानव मात्र का धर्म एक है, हमें उसे स्वीकार करना चाहिए? मेरे द्वारा सत्य को प्रमाणित करने पर कुछ मतान्ध लोग तिलमिला कर मारने की धमकियां देने लगे. मोबाइल तथा नेट के माध्यम से गाली गलोच पर उतर आये.

मैं तो सहज भाव से उन मतान्धों को यही कहूँ गा...कि अगर मैं इस्लाम की दृष्टिमें गुमराह हो गया, तो ***कुरान अनुसार गुमराह करने वाला अल्लाह ही तो है!***अगर आप लोग चाहते हैं कि मैं इस्लाम में वापिस आ जाऊं, तो प्यारो! वह भी अल्लाह के हाथ में ही है. कारण, हिदायत देने वाला भी वही है. जो मैं पुस्तक में विस्तार से लिख चुका हूँ। आप इस्लाम वालों का अल्लाह अगर आप लोगों की फरियाद नहीं

सुनता है तो आप वैदिक धर्म को अपना लें, और दुनिया में मानव समाज को परमात्मा का अमृत पुत्र होने का परिचय दें। तथा सत्य को स्वीकार कर, मानव समाज में हिन्दू-मुस्लिम के भेद-भाव को मिटा कर धरती को स्वर्ग बनाने का संकल्प लें.